दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शनिवार 30 मार्च 2019

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

## अंतरिक्ष में रक्षा

भारत ने अंतरिक्ष में सुरक्षा के लिए एंटी सैटेलाइट मिसाइल तकनीक पहले ही विकसित कर ली थी, अब उसका परीक्षण भी कर लिया है। इस क्रम में आधिकारिक रूप से यह तकनीक हासिल करने वाला वह विश्व का चौथा देश बन गया है। अभी तक ऐसी मिसाइल के सफल परीक्षण केवल अमेरिका, रूस और चीन ने किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में यह अहम जानकारी दी कि हमारे वैज्ञानिकों ने लो-अर्थ ऑर्बिट में 300 किलोमीटर दूर एक लाइव सैटेलाइट को मार गिराया। 'मिशन शक्ति ' नाम का यह ऑपरेशन भारत की एंटी सैटैलाइट मिसाइल ए-सैट के जरिए सिर्फ तीन मिनट में पूरा किया गया।

इस तरह भारत अब जल, जमीन और आकाश के अलावा अंतरिक्ष में भी किसी शत्रुतापूर्ण गतिविधि का कड़ा जवाब दे सकता है। अगर कोई दुश्मन देश अंतरिक्ष में सैटेलाइट के जरिए भारत पर नजर रख रहा हो या जासूसी कर रहा हो, तो जरूरी होने पर भारत उस सैटेलाइट को नेस्तनाबूद कर सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह मिशन पूरी तरह स्वदेशी है और इसरो तथा डीआरडीओ ने इसे मिलकर अंजाम दिया है। पिछले चार दशकों में भारत ने मिसाइल और उपग्रह निर्माण दोनों ही क्षेत्रों में तेज प्रगति की है। कृषि, आपदा प्रबंधन, मौसम की जानकारी, मनोरंजन और शिक्षा में हमारे सैटेलाइटों का अहम योगदान है। दूसरी तरफ रक्षा क्षेत्र में भी इनका उपयोग हो रहा है। यह सही है कि अंतरिक्ष में अभी तक कोई लड़ाई नहीं हुई है लेकिन रक्षा विशेषज्ञ उसे भविष्य के युद्धस्थल के रूप में देखते हैं। उनमें कुछेक का यहां तक मानना है कि अगला विश्व युद्ध स्पेस में लड़ा जाएगा। अमेरिका में बाकायदा स्पेस फोर्स बनाने की तैयारी चल रही है जो अमेरिकी सैन्य बलों की छठी शाखा होगी। 2020 तक इसके औपचारिक रूप से सेना का अंग बनने की संभावना है।

अब तक स्पेस फोर्स सिर्फ रूस के पास थी जो 1992-97 और 2001-11 में काफी सि य रही। दरअसल अमेरिका इस बात से परेशान है कि रूस और चीन अंतरिक्ष में बड़ी संख्या में उपग्रह स्थापित कर रहे हैं। चूंकि अमेरिका संचार, नेविगेशन और गुप्त सूचनाओं के लिए उपग्रहों पर बहुत ज्यादा निर्भर हो गया है और किसी वजह से उन उपग्रहों पर हमला होता है तो अमेरिका की सुरक्षा को भारी खतरा हो सकता है, लिहाजा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पृथ्वी की कक्षाओं में घूम रहे अपने तमाम उपग्रहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्पेस फोर्स बनाना चाहते हैं। कुछ साल पहले चीन ने अपने एक निषि य हो चुके सैटेलाइट को धरती से मिसाइल दागकर नष्ट किया तब से अमेरिका की आशंकाएं और बढ़ गईं। ऐसे माहौल में भारत किसी भी स्तर पर अपनी सुरक्षा की अनदेखी नहीं कर सकता। इसलिए हमने यह तकनीक विकसित की है, लेकिन हम कहीं भी जंग के पक्षधर नहीं हैं। हमारी एंटी सैटेलाइट मिसाइल किसी भी मुल्क के खिलाफ नहीं है। इस परीक्षण से दुनिया में हमारे अंतरिक्ष विज्ञानियों का रुतबा और बढ़ेगा।

# 31 मार्च से पहले 5 बैंक को सरकार से मिली 21,428 करोड़ की पूंजी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पांच बैंकों को सरकार से 21,428 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश मिला है. इन बैंकों को अपने शेयरधारकों से सरकार को शेयरों के तरजीही आवंटन के जरिये पूंजी प्राप्त करने के प्रस्ताव पर मंजूरी मिल गई. इन बैंकों को यह पूंजी निवेश 31 मार्च, 2019 को पूरे होने वाले वित्त वर्ष के लिए मिला है. इन बैंकों में पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक शामिल हैं.



**बैंकों ने शेयर बाजार को भेजी सूचना**

पीएनबी की तरफ से शेयर बाजार को भेजी गई सूचना में कहा गया कि उसके शेयरधारकों की यहां हुई असाधारण आम बैठक में सरकार को तरजीही आधार पर 80,20,63,535 इक्विटी शेयर प्रीमियम के साथ 71.66 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर जारी और आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. इससे बैंक को 5,908 करोड़ रुपये की पूंजी प्राप्त हुई है. बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा कि वित्त मंत्रालय ने उसे 5,042 करोड़ रुपये की पूंजी डालने के फैसले के बारे में सूचित किया है.

**28 मार्च को हुई असाधारण आम बैठक**

यूनियन बैंक ने कहा कि पूंजी कोष जुटाने के लिए ऋणदाताओं की समिति (सीडीआरसीएफ) ने गुरुवार को 78.84 रुपये के निर्गम मूल्य पर सरकार को 52,15,62,658 इक्विटी शेयर जारी कर 4,111.99 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी. इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने बयान में कहा कि उसके शेयरधारकों की 28 मार्च को हुई असाधारण आम बैठक में 14.12 रुपये (4.12 रुपये प्रीमियत सहित) प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 2,69,54,67,422 इक्विटी शेयर तरजीही आधार पर सरकार को जारी करने के विशेष प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. बैंक को सरकार से 3,806 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश मिलेगा.इससे बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 89.39 प्रतिशत से बढ़कर 92.52 प्रतिशत हो जाएगी. इसी तरह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 37.25 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर 68,72,48,322 शेयर जारी कर 2,560 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है.

## नए वित्त वर्ष 1 अप्रैल से पड़ेगी महंगाई की मार, आपकी जेब पर पड़ेगा असर

नई दिल्ली। 1 अप्रैल से नए वित्त वर्ष की शुरुआत होने वाली है। नए वित्त वर्ष में आम लोगों की जरूरत से जुड़ी कुछ चीजें महंगी हो सकती हैं। वहीं, टैक्स से जुड़े नए नियम आने लोगों को राहत भी मिलेगी। नए वित्त वर्ष से कार खरीदना, हवाई यात्रा, रसोई गैस आदि के दाम बढ़ सकते हैं। 1 अप्रैल जिन प्रोडक्ट और सेवाओं के दाम बढ़ सकते हैं यहां उसके बारे में बता रहे हैं।

**1 अप्रैल से महंगा हो जाएगा कार खरीदना**

1 अप्रैल से कार खरीदना महंगा हो जाएगा। दरअसल रेनो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, जगुआर लैंड रोवर इंडिया और टोयोटा किर्सोस्कर मोटर्स ने दाम बढ़ाने का ऐलान किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा 1 अप्रैल से अपनी कारों पर 5,000 रुपये से लेकर 73,000 रुपये तक दाम



बढ़ाएगा। टाटा मोटर्स अपनी कारों पर 25,000 रुपये तक दाम बढ़ा सकता है। टाटा मोटर्स की टियागो, हेक्सा, टिगोर, निक्सन और हैरियर पर दाम बढ़ सकते हैं। वहीं रेनो ने भी 3 फीसदी दाम बढ़ाने का एलान किया है।

**बढ़ सकते हैं रसोई गैस के दाम**

सरकार एक अप्रैल से छह माह के लिए घरेलू प्राकृतिक गैस की कीमत 37.4 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट कर सकती है, जो तीन साल में सर्वाधिक होगी। विश्लेषकों का कहना है कि प्राकृतिक गैस की कीमत में बढ़ोतरी से यूरिया और अन्य पेट्रोकेमिकल के दाम बढ़ेंगे।

## बुमराह बेहतरीन गेंदबाजी कर रहे हैं, वह महान खिलाड़ी हैं :क्रुणाल



बेंगलुरू (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हरफनमौला खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या ने अपने साथी खिलाड़ी और भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की प्रशंसा की और कहा कि वह एक महान खिलाड़ी हैं। बुमराह ने गुरुवार को बेंगलोर के खिलाफ यहां खेले गए मुकबाले में चार ओवर में केवल 20 रन देकर तीन विकेट लिए।

## पंजाब नेशनल बैंक पीएनबी हाउसिंग हिस्सेदारी बिक्री पर 11 महीने के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक के शेयर 2.3 प्रतिशत चढ़कर 97.55 रुपये पर पहुंच गए, जो कि 19 अप्रैल 2018 से अब तक के उच्चतम स्तर हैं। शुक्रवार को राज्य सरकार द्वारा संचालित पीएनबी ने जनरल अटलांटिक ग्रुप और वर्डेपार्टर्स को पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी बेचने का सौदा किया। पीएनबी 10.9 मिलियन में बेचने के लिए पीएनबी हाउसिंग ने दोनों समूहों को कुल 1,852 करोड़ रुपये (. 267. मिलियन मिलीलीटर) के लिए प्रत्येक शेयर पीएनबी हाउसिंग में शेयर 4.3 प्रतिशत से बढ़कर 864 रुपये पर पहुंच गए, 2 सप्ताह में यह उनका सबसे बड़ा इंट्राडे प्रतिशत है। PNB शेयर्स सीधे चौथे सत्र के लिए बढ़त हासिल करते हैं, जबकि PNB हाउसिंग शेयर्स में लगातार तीसरे दिन बढ़त दर्ज की गई। पीएनबी हाउसिंग बनाम 301-दिन के 231,690 के औसत में 517,000 से अधिक शेयरों का कारोबार हुआ, जबकि 24.4 मिलियन पीएनबी के शेयरों ने 30-दिवसीय एवीजी को लगभग 32.3 मिलियन के हाथों में बदल दिया।

## बजरंग पूनिया और ऋषभ पंत वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के स्वर्ण विजेता पहलवान बजरंग पूनिया और भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को गुरुवार को दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारतीय महिला हाकी टीम की कप्तान रानी रामपाल और युवा निशानेबाज मनु भाकर को महिला वर्ग में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया



जबकि सिडनी ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कुश्ती कोच राज सिंह को उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत के युवा निशानेबाजों को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले जसपाल राणा और पंत के बचपन के कोच तारक सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ कोच का पुरस्कार दिया गया। राणा का पुरस्कार उनकी पत्नी और बेटी तथा तारक सिन्हा का पुरस्कार खुद ऋषभ ने ग्रहण किया।

## आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने कोहली

बेंगलुरू (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने 5000 रन पूरे कर लिए हैं। कोहली ने गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के 12वें संस्करण के सातवें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। कोहली ने 165 मैचों की 157 पारियों में अपने 5000 रन पूरे किए।



इस दौरान उन्होंने अब तक चार शतक और 34 अर्धशतक लगाए हैं। कोहली अब आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब तक चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज सुरेश रैना के नाम हैं।

## आज का राशिफल

<u>मेषः</u> शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

<u>वृषभः</u> आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, ट्रांसफर की योजना सफल हो सकती है। कार्यालय में आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

<u>मिथुनः</u> आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने को मिलेगा।

<u>कर्कः</u> आज जो भी काम लगन के साथ करेंगे, आज उसका फल मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

<u>सिंहः</u> आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म-अध्यात्म के मामले पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।

<u>कन्याः</u> आज आपसी वार्ता-व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए, इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

<u>तुलाः</u> आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर कुछ काम शुरू हो सकता है।

<u>वृश्चिकः</u> माली-हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशील रहें। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा।

<u>धनुः</u> बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

<u>मकरः</u> आज का दिन सामान्य है। साझेदारी में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े।

<u>कुंभः</u> आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल ना हो इसलिए हर काम सोच-समझकर करें।

मीनःआज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

## ईश्वर की पूजा अर्चना में पुष्प बहुत ही महत्वपूर्ण और शुभ माने जाते हैं

ईश्वर की पूजा अर्चना में पुष्प बहुत ही महत्वपूर्ण और शुभ माने जाते हैं, यह बहुत ही शुभ पवित्र होते हैं। वही ज्योतिष की माने तो सुंदरता और सुगंध से भरपूर पुष्पों का इस्तेमाल बहुत ही मनोहर और हर इच्छा को पूर्ण करने वाला माना जाता हैं। जिस घर में पुष्प होते हैं वही पर नकारात्मता नहीं आती हैं। वही जीवन में सुख और शांति बनी रहती हैं।




वही आज हम आपको बताने जा रहे हैं, कि ईश्वर की पूजा में पुष्पों का इस्तेमाल कैसे करे की प्रभु की पूर्ण कृपा आप पर हो सके। तो आइए जानते हैं। फूलों का प्रयोग व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मता को बढ़ाने और संचार के लिए करता हैं। वही धार्मिक मान्यताओं में फूलों का इस्तेमाल पूजा अर्चना और उपासना के लिए किया जाता हैं। ऐसा माना जाता हैं, कि इससे ईश्वर की कृपा व्यक्ति को बहुत ही जल्दी मिल जाती हैं। फूल व्यक्ति की श्रद्धा और भावना का प्रतीक माने जाते हैं। वही इसके साथ ही साथ फूल इंसान की मानसिक स्थितियों के बारे में भी बहुत कुछ बताते हैं। फूलों में सबसे अधिक गेंदे के फूल का प्रयोग किया जाता हैं यह कई प्रकार का होता हैं।

मगर पीले गेंदे का पुष्प सबसे अधिक उपयोगी और महत्वपूर्ण माना जाता हैं, भगवान विष्णु को नियमित रूप से पीले गेंदे के पुष्प की माला चढ़ाएं और इससे आपको संतान से जुड़ी समस्याओं से जल्द ही छुटकारा मिल जायेंगा।

## अंपायर के गलत फैसले पर भड़के कोहली

बेंगलुरू (आरएनएस)। मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें सीजन के मैच में गुरुवार को छह रन से हार झेलने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली अंपायर के फैसले से नाखुश नजर आए। दरअसल, बेंगलोर की पारी का आखिरी ओवर लसिथ मलिंगा डाल रहे थे और उनके ओवर की आखिरी गेंद नो-बॉल दिख रही थी लेकिन अंपायर एस.रवि ने इसपर ध्यान नहीं दिया और मुंबई को पहली जीत मिल गई।




मैच के बाद कोहली ने कहा, हम आईपीएल में खेल रहे हैं न कि क्लब का कोई मैच। अंपायरों को अपनी आंखें खुली रखकर काम करना चाहिए। करीबी मैचों में अगर इस तरह के फैसले आते रहे तो मैं नहीं जानता कि क्या होगा। अंपायरों को अधिक सजग होना चाहिए था।

कोहली ने यह भी माना कि उनकी टीम के गेंदबाजों को मुंबई के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी करनी चाहिए थी। कोहली ने कहा, जब वह 145 पर सात विकेट खो चुके थे तब हम अच्छा कर सकते थे। आखिरी के कुछ ओवर हमारे लिए खतरनाक साबित हुए।

## गेंदबाजों का काम योजना मुताबिक गेंदबाजी करना : कौल

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछले मैच में अपने पहले तीन ओवर में 16 रन देकर एक विकेट लिया था, लेकिन उनके चौथे ओवर में आंद्रे रसेल ने 19 रन बनाए। कौल ने माना कि वह अपनी रणनीतियों पर सही से अमल नहीं कर पाए, लेकिन आगे के मैचों में यह गलती दोबारा नहीं होगी।



## इस वीकेंड नाश्ते में बनाएं अप्पम

अगर आप नाश्ते में कुछ साउथ इंडियन ट्राई करना चाहते हैं तो अप्पम आपके लिए एक अच्छा नाश्ता हो सकता है। साउथ में इसे बड़े चाव से खाया जाता है। आप भी इस वीकेंड अप्पम को नाश्ते में बना सकते हैं-



<u>सामग्री :-</u>

एक कप चावल

दो कप कद्दूकस किया नारियल

3 चम्मच चीनी

1/2 टीस्पून खमीर (ईस्ट)

नमक

तेल

<u>विधिः-</u>

अप्पम बनाने के लिए सबसे पहले रात में चावल और नारियल को पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इसमें नमक और चीनी डालकर मिक्स करें। इसके बाद इसमें ईस्ट डालकर कुछ देर के लिए रख दें। थोड़ी देर बाद सभी को पीस लें। पीसने के बाद मिक्सर को 4-5 घंटे के लिए रख दें। अब पैन में तेल गर्म करें और अप्पम को फैलाकर इसमें डालें। फिर इसे दोनों तरफ से सेंक लें और सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-19

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 18 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सू-दोकू-19

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.18 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |